Email **Mr Kaushal Kishore**

रिचार्ज की वैधता पूरे महीने की करने बाबत

From : anilnath skr7 <anilnath.skr7@gmail.com> Tue, May 18, 2021 11:50 AM
Subject : रिचार्ज की वैधता पूरे महीने की करने बाबत
To : Mr Kaushal Kishore <advfea1@trai.gov.in>

सम्माननीय अधिकारीगण, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली

महोदय, निवेदन है कि दूरसंचार कंपनियों द्वारा उपभोक्ता को रिचार्ज करने पर एक महीने के नाम पर 28 दिन, दो महीने के नाम पर 56 दिन और तीन महीने के नाम पर 84 दिन की ही वैधता दी जाती है, जो उपभोक्ता के साथ ठगी और उसके हित के साथ खिलवाड़ हैं, कृपया उपभोक्ता हितों को ध्यान में रखते हुए रिचार्ज की वैधता 28, 56 व 84 दिन की बजाय इसे बढ़ाकर 30,60 व 90 दिन करने की कृपा करें।

इसके अलावा करीब एक-डेढ़ साल पहले दूरसंचार कंपनियों ने अपने रिचार्ज प्लान की कीमतों में बढ़ोतरी करते हुए इसे काफ़ी महंगा किया, 398 रुपए में होने वाले 84 दिन की वैधता वाले रिचार्ज की कीमत 598 कर दी यानी उस रिचार्ज पर 200 रुपए की बढ़ोतरी कर दी, जबकि कंपनियों की सेवाओं की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ है, नेटवर्क और कॉल ड्रॉप की समस्या जस की तस बनी हुई हैं, कृपया कोरोना काल में ठप पड़े काम धंधों और आम गरीब नागरीकों की जेब का ख़याल रखते हुए रिचार्ज शुल्क में कटौती करने की दिशा में भी कदम उठाएं।

आभार

अनिल नाथ
नागौर, राजस्थान
भारतीय एयरटेल का उपभोक्ता
मोबाइल नंबर- 8003272909